एसपीएस, कैंपियन, द संस्कार वैली और डीपीएस सेमीफाइनल में

आईकोनिक कप : अर्नव जैन, हर्ष मीणा और सार्थ जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया

Football Turnament

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

एसपीएस, कैंपियन, द संस्कार वैली स्कूल की टीमों ने मंगलवार को अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर यहां खेले जा रहे आईकोनिक फुटबॉल कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं डीपीएस कोलार वॉकओवर से अंतिम-4 में पहुंची। दिन के आखिरी मुकाबले में आईपीएस की टीम नदारद रही।

स्कूल परिसर के खेल मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एसपीएस साकेत नगर ने वर्ल्ड वे-इंटरनेशनल स्कूल को 4-0 से हराया। एसपीएस की ओर से अर्नव जैन ने दो गोल दागे। वहीं सौमिल पटेल और आशीष पटेल ने एक-एक गोल किए। अर्नव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं कैंपियन स्कूल ने मिठी गोविंद राम को 3-1 से पराजित किया। कैंपियन से अंकित वर्मा ने दो और शिवांष सक्सेना ने एक गोल किए। मिठी गोविंद राम स्कूल के हर्ष मीणा ने एक गोल दागा। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दिन के तीसरे मुकाबले में द संस्कार वैली स्कूल ने बिलाबोंग को 2-1 से मात देते हुए सेमीफाइनल में कदम रखा। इसमें द संस्कार वैली की ओर से मितांश और रितिक ने एक-एक गोल किए हैं। सार्थ जैन मैन ऑफ द मैच बने। बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

सेमीफाइनल लाइनअपः
एसपीएस विरुद्ध कैंपियन स्कूल सुबह 9:30 बजे से
डीपीएस विरुद्ध द संस्कार वैली स्कूल सुबह 11:45 बजे से।